हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

परिवार का इकलौता सहारा था मृतक

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में मंगलवार को ११ हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ४० वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, चंदौली निवासी विष्णु पटेल पुत्र सोनकरन पटेल मंगलवार को किसी काम से निकले थे, तभी वह ११ हजार वोल्ट के हाईटेंशन विद्युत तार की जद में आकर गंभीर रूप से झुलस गये। आनन-फानन में परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल प्रयागराज ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। विष्णु की असामयिक मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी मीरा देवी, ११ वर्षीय पुत्र मयंक और आठ वर्षीय पुत्री प्रियांशी को छोड़ गया है। परिजनों ने बताया कि विष्णु ही परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र सहारा था, जिसकी मौत से पत्नी और बच्चों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर पहुंची करछना थाना पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर रोष जताते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।



मृतक विष्णु की फाइल फोटो

जोधी माइनर की सड़क गड्ढों में तब्दील

लालापुर (प्रयागराज)। शंकरगढ़ ब्लाक के जोधी गांव स्थित माइनर नहर के किनारे करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गयी है। ग्रामीणों के अनुसार नहर विभाग की ओर से करीब दो वर्ष पहले ठेकेदार के माध्यम से सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन पहली बारिश के बाद ही सड़क टूटने लगी थी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की पटरियों पर पर्याप्त मिट्टी नहीं होने के कारण कई स्थानों पर सड़क कटकर क्षतिग्रस्त हो गयी है। नियमानुसार निर्माण के बाद पांच वर्ष तक सड़क की देखरेख ठेकेदार की जिम्मेदारी है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं करायी गयी। गुड्डू पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, बाबू जी यादव और अधिवक्ता मुन्ना पांडेय ने संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



सड़क पर घूमते मवेशी।

कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ चलो अभियान

कोरांव में बसपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क नौ को लखनऊ पहुंचने की अपील

लेंडियारी (प्रयागराज)। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस (परिवर्तन दिवस) पर ९ अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कोरांव विधानसभा क्षेत्र में 'लखनऊ चलो' अभियान के तहत सघन जनसंपर्क किया गया। बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

जनसंपर्क के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद किया और लखनऊ कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक एवं भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भागीदारी की तैयारी पर चर्चा की। पूर्व मंडल प्रभारी प्रयागराज राम कुमार कुशवाहा ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए संघर्ष किया। उनके विचारों और संघर्ष को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जिला कार्यकारिणी सदस्य राजू गौतम और विधानसभा कोरांव अध्यक्ष लालता पाल ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव संपर्क कर लोगों को कार्यक्रम के लिए लामबंद करने की अपील की। इस दौरान श्याम सुंदर निषाद, रमाकांत भारतीय, राजेश्वरी प्रसाद, संतोष कुमार जैसल, मौनी लाल, अश्वनी कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार और रामजी बिंद सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ओवरब्रिज निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाता जेसीबी।

ओवरब्रिज निर्माण में बाधक मकानों-दुकानों पर चला बुलडोजर

कई लोगों ने खुद हटाया अतिक्रमण, ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं मिलने का जताया मलाल

मऊआइमा (प्रयागराज)। निर्माणाधीन ओवरब्रिज के रास्ते में बाधक बने अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर बुलडोजर चलाया। मऊआइमा के सुल्तानपुर खास गांव में पीडब्ल्यूडी क्षेत्र की सड़क की जमीन पर बने मकानों और दुकानों को ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाया गया। कारर्वाई की जद में करीब १५ मकान और दुकानें चिह्नित की गयी थीं। इनमें अधिकांश लोगों ने प्रशासन की कारर्वाई से पहले ही मजदूर लगाकर खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अतिक्रमण कर मकान और दुकान बनाने वालों को कई बार चेतावनी देने के साथ नोटिस भी दिया गया था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद अमृत लाल, कुंजी लाल, लाल बहादुर, संजीव जायसवाल, शिव प्रसाद, लल्लू प्रसाद सहित अन्य के मकान-दुकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। कारर्वाई की जद में आए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में कई बार पैमाइश कर उन्हें बताया गया था कि ओवरब्रिज निर्माण की जद में आने वाले मकान-दुकानों का मुआवजा मिलेगा। उनका कहना है कि मुआवजा दिये बिना ही निर्माण ढहा दिये जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि नायब तहसीलदार नैंसी शुक्ला, कानूनगो सुशील कुमार और लेखपाल प्रेमचंद्र पटेल ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज किया। अधिकारियों के अनुसार कुछ लोगों को छोड़कर अधिकांश के पास भूमिधरी जमीन नहीं है और उन्होंने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। नियमानुसार अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सेतु निगम के अवर अभियंता अजीत कुमार कुशवाहा ने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद ओवरब्रिज निर्माण में तेजी आएगी। सड़क पर आवागमन भी सुचारु रहेगा और निर्माण कार्य में बाधा नहीं आएगी।



अमिलिया तरहार गांव का महिला चिकित्सालय।

हंडिया में बेखौफ चोर, खूंटे से भैंस खोल ले गये

बरौत में पशुपालक के घर के बाहर बंधी थी भैंस, सुबह गायब

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र में पशु चोरी का मामला सामने आया है। बरौत (तिवारीपुर) गांव में अज्ञात चोर रात में खूंटे से बंधी भैंस खोलकर ले गये। सुबह पशुपालक के उठने पर खूंटा खाली मिला तो हड़कंप मच गया। पीड़ित ने डायल ११२ पर सूचना देने के बाद थाने में तहरीर देकर कारर्वाई की मांग की है।गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र स्व. हीरालाल के अनुसार, उन्होंने ५ अक्टूबर की रात रोज की तरह अपनी भैंस को घर के बाहर खूंटे से बांधा था और सोने चले गये। सुबह उठे तो भैंस गायब थी। आसपास काफी तलाश और ग्रामीणों से पूछताछ के बावजूद उसका पता नहीं चला। पीड़ित का कहना है कि भैंस के खुद खूंटा छोड़कर चले जाने की संभावना नहीं है, इसलिए उसे चोरी किए जाने का संदेह है। घटना की सूचना डायल ११२ पर देने के बाद राजेश कुमार ने हंडिया थाने में लिखित तहरीर दी। पुलिस से भैंस की तलाश और मामले में आवश्यक कारर्वाई की मांग की गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से पशु चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे पशुपालकों में चिंता है। ग्रामीणों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

बिना चिकित्सक वर्षों से वीरान है महिला अस्पताल

छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए महिलाओं को ३० से ४० किलोमीटर जाना पड़ता है दूर

लालापुर (प्रयागराज)। अमिलिया तरहार गांव में लाखों रुपये की लागत से बने महिला अस्पताल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति न होने से क्षेत्र की महिलाओं को इलाज के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। अस्पताल लंबे समय से बंद पड़ा है और देखरेख के अभाव में भवन भी जर्जर होने लगा है। छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए महिलाओं को ३० से ४० किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

बताया गया कि २८ दिसंबर २०२२ को सीएमओ कार्यालय प्रयागराज से अस्पताल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति का आदेश जारी हुआ था। हालांकि, नियुक्त चिकित्सक ने कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थता जताई। इसके बाद अस्पताल में दूसरी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो सकी। नतीजतन कई गांवों की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया अस्पताल वर्षों से वीरान पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर सीएमओ कार्यालय तक कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। क्षेत्र की महिलाएं अनीता, राजकली, सुनीता और अर्चना देवी ने सरकार से अस्पताल में जल्द महिला चिकित्सक की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अस्पताल चालू होने से आसपास के गांवों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल सकेगी।



मरीजों की जांच करते सीएचसी अधीक्षक डा. अनुराग तिवारी।

सड़कों पर छुट्टा मवेशियों का झुंड, राहगीरों का चलना मुश्किल

आये दिन हो रहे हादसे, जिम्मेदार विभाग बेखबर

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र की सड़कों पर छुट्टा मवेशी का जमावड़ा राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

सड़क पर बैठे मवेशियों का झुंड वाहन की रोशनी पड़ते ही अचानक दौड़ने लगता है, जिससे दोपहिया वाहन सवारों के चोटिल होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारा, सेहुड़ा, नीबी और पावर प्लांट के आसपास, जबकि रिंगवा-लालापुर मार्ग पर धरा चौराहा तथा लालापुर-घूरपुर मार्ग पर जगह-जगह छुट्टा मवेशी सड़क पर बैठे नजर आते हैं। कंजसा-मानपुर मार्ग के कई मोड़ भी पशुओं के जमावड़े के कारण दुर्घटना की आशंका वाले बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी होने के बावजूद छुट्टा मवेशी को सड़कों से हटाने की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गयी है। राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते मवेशियों को सड़कों से हटाने और उनके संरक्षण की व्यवस्था नहीं की गयी तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अभियान चलाकर छुट्टा मवेशी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है।

भेड़ों को बेरहमी से ले जाने का वीडियो वायरल, जांच की मांग

पचदेवरा (प्रयागराज)। कौंधियारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव का बताया जा रहा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वीडियो में कुछ भेड़ों को कथित तौर पर वाहन से इस तरह ले जाते हुए दिखाया गया है कि एक भेड़ का पैर सड़क पर घिसटता नजर आ रहा है। इसे लेकर पशु क्रूरता का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की जा रही है।

वीडियो बनाने वाले व्यक्ति के मुताबिक, उसने भेड़ों को इस तरह ले जाने का विरोध किया तो संबंधित

एक भेड़ का पैर सड़क पर घिसटता दिखा

व्यक्ति ने कथित तौर पर उसे धमकी देते हुए कहा कि उसने पैसे दिये हैं और वह उन्हें जैसे चाहे ले जाएगा। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही संबंधित व्यक्ति का पक्ष सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि भेड़ों के साथ क्रूरता की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कारर्वाई की जानी चाहिए।

मौसम बदलते ही बढ़े वायरल और डायरिया के मरीज

रामनगर सीएचसी में डाक्टरों की कमी के बीच अधीक्षक ने खुद संभाला मोर्चा

मेजारोड (प्रयागराज)। मौसम में लगातार आ रहे बदलाव और तापमान के उतार-चढ़ाव का सीधा असर आमजन के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। क्षेत्र में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द और डायरिया के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर की ओपीडी में कुल २७८ मरीजों का पंजीकरण किया गया।

अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के चलते सीएचसी अधीक्षक डा. अनुराग तिवारी ने स्वयं ओपीडी की कमान संभाली। उन्होंने सुबह से लेकर शाम तक लगातार मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार व आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को भी व्यवस्था संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। सीएचसी अधीक्षक डा. अनुराग तिवारी ने बताया कि मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है। ऐसे में लोगों को बासी व ठंडी खाद्य सामग्री के सेवन से बचना चाहिए तथा हमेशा स्वच्छ व उबला पानी ही पीना चाहिए। उन्होंने सचेत किया कि थोड़ी सी लापरवाही बुखार के साथ-साथ गंभीर डायरिया का रूप ले सकती है। उल्टी-दस्त, कमजोरी या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखने पर खुद से दवा लेने (सेल्फ मेडिकेशन) से बचें और तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से परामर्श लें।

एसीपी ने मऊआइमा थाने का निरीक्षण कर चौकीदारों से किया संवाद

चौकीदारों ने एसीपी के सामने रखी पीड़ा, कहा -ढाई हजार रुपये मानदेय में नहीं चल रहा गुजारा

मऊआइमा (प्रयागराज)। फूलपुर एसीपी राज कुमार सिंह ने मंगलवार को मऊआइमा थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने असलहों के रखरखाव, कार्यालय में रखे अभिलेख, हवालात सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

निरीक्षण के बाद एसीपी ने थाने में तैनात करीब ४० चौकीदारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। चौकीदारों ने बताया कि वर्ष २०१७ के बाद से उनका मानदेय नहीं बढ़ा है। मौजूदा महंगाई में महज २५०० रुपये प्रतिमाह मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले ड्रेस, कपड़े, साफा, टार्च, लाठी और साइकिल जैसी सुविधाएं मिलती थीं, लेकिन अब इनमें से कई सुविधाएं बंद हो चुकी हैं।

चौकीदारों के मुताबिक मऊआइमा क्षेत्र में पहले करीब ७५ चौकीदार थे, लेकिन कई की मृत्यु के बाद अब संख्या घटकर करीब ४० रह गयी है। गांवों में चोरी, लूट, हत्या और अज्ञात शव मिलने जैसी घटनाओं की सूचना देने के साथ उन्हें मौके पर भी पहुंचना पड़ता है। एसीपी ने चौकीदारों को आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बुजुर्ग चौकीदार यदि अपने स्थान पर पुत्र की तैनाती चाहते हैं तो नियमानुसार इसकी कारर्वाई की जाएगी। खाली पदों को भी भरने के लिए प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा, एसएसआई बालेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी हरिशंकर सिंह, आयुष सिंह, बृजेश कुमार तिवारी, गौरव सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। चौकीदार रामराज, मुन्नीलाल, ओमप्रकाश, पारसनाथ, जोखूलाल, रामबहादुर, शंभूलाल, कृष्ण कुमार, लालचंद्र और शिवमूरत आदि उपस्थित रहे।



फूलपुर थाने का निरीक्षण करने के बाद चौकीदारों से बातचीत करते एसीपी।

आकांक्षी ब्लाक मांडा में मिलीं कई कमियां, सचिव ने सुधार के दिये निर्देश

सीएचसी की एक्स-रे मशीन एक माह से खराब, १२ एएनएम के तबादले से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

मांडा (प्रयागराज)। आकांक्षी ब्लाक मांडा में शासन के ५० बिंदुओं पर प्रगति की जांच करने पहुंचे प्रमुख सचिव उपभोक्ता देवेंद्र पांडेय ने ब्लाक, सीएचसी सहित तीन ग्राम पंचायतों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द दूर करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

मंगलवार को सचिव ने बम्हनी हेठार के प्राथमिक विद्यालय तथा राजापुर ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सत्यापन किया। इसके बाद मांडा सीएचसी पहुंचे। अधीक्षक डा. यूपी सिंह कुशवाहा ने बताया कि एक्स-रे मशीन करीब एक माह से खराब है, जिससे मरीजों की जांच प्रभावित है। सीएचसी में पहले ३२ एएनएम थीं, लेकिन १२ के स्थानांतरण के बाद अब २० ही रह गयी हैं। इससे गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और उपचार पर असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने मांडा के १७ परिषदीय विद्यालयों में बिजली कनेक्शन न होने और करीब एक दर्जन विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरने की शिकायत भी सचिव से की। उन्होंने इन समस्याओं की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही। समाजसेवी हरिप्रसाद पांडेय ने मांडा में नियमित बीडीओ की नियुक्ति न होने और मेजा के बीडीओ को प्रभारी बनाए जाने की शिकायत की। इस पर सचिव ने माह के अंत तक मांडा में बीडीओ नियुक्त कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद सचिव ने बताया कि सीएचसी में प्रसव तथा ९ से ११ वर्ष के बच्चों के टीकाकरण का प्रतिशत कम मिला। परिषदीय विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात में भी कमी है। विकासखंड की ६९ ग्राम पंचायतों में अभी केवल १८ में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने शेष ग्राम पंचायतों में जल्द नेटवर्क व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिला कृषि अधिकारी संजीव मिश्रा, प्रभारी बीडीओ अमित सिंह, बीईओ नीलम शाक्यवार, एडीओ पंचायत अरुण कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दहेज हत्या के आरोप में पति सहित चार पर मुकदमा

अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और एसी की मांग का आरोप

सोरांव (प्रयागराज)। हरीडीह गांव में रविवार को २५ वर्षीय विवाहिता अंजलि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता अमर सिंह निवासी कौशाम्बी ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी को प्रताड़ित करने और हत्या के बाद शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। अमर सिंह के मुताबिक, अंजलि की शादी १० दिसंबर २०२४ को हरीडीह निवासी राजमंगल पुत्र मिठाई लाल से हुई थी। शादी में मारुति ब्रेजा और छह लाख रुपये देने की बात तय हुई थी। आरोप है कि ब्रेजा के लिए १० लाख रुपये तथा छह लाख रुपये में से पांच लाख रुपये दिये गये थे, जबकि एक लाख रुपये देना बाकी था।पिता का आरोप है कि इसी रकम और एयर कंडीशनर की मांग को लेकर सास सोना देवी, ससुर मिठाई लाल, जेठ ओम प्रकाश और पति राजमंगल अंजलि को प्रताड़ित करते थे। उनके साथ मारपीट और गालीगलौज भी की जाती थी। अमर सिंह ने बताया कि चार अक्टूबर को मुंबई में उन्हें बेटी के फंदे से लटकने की सूचना मिली। प्रयागराज पहुंचने तक पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती और ससुराल पक्ष ने उसकी हत्या कर शव फंदे से लटका दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि करीब १०-१५ दिनों से अंजलि के मोबाइल का रिचार्ज नहीं कराया गया था, ताकि वह मायके वालों से संपर्क न कर सके। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति राजमंगल सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कारर्वाई की जाएगी।



मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार करता मूर्तिकार।

भाजपा झूंसी मंडल की मासिक कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

बूथ स्तर पर संघटन मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर

झूंसी (प्रयागराज)। भारतीय जनता पार्टी गंगापार के झूंसी मंडल की मासिक कार्यसमिति बैठक मंगलवार को ईशीपुर-मलावा खुर्द स्थित रामलीला मैदान में हुई। बैठक में संघटन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कुलदीप सोनी ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार निषाद पंकज ने की। संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार पांडेय ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला प्रवासी दिनेश बहादुर सिंह, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष पंकज ओझा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री सूरज पासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, पार्षद मलावा खुर्द सियाराम मौर्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा सिंह पटेल रहे। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता से जनसंपर्क करें। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संजय यादव, नीलम गिरी, सुनीता उपाध्याय, अवधेश सिंह चौहान, विजय सिंह, मंडल मंत्री अशोक भारतीय, रवि निषाद और सुनीता चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न शक्ति केंद्रों के संयोजक, प्रभारी, प्रवासी और बूथ अध्यक्षों ने भी सहभागिता की।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

महंगाई ने बढ़ायी चिंता

बरगढ़ (चित्रकूट)। नवरात्र और दुर्गा पूजा की आहट के साथ बरगढ़ व आसपास के इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। मूर्तिकार दिन-रात मिट्टी, पुआल और बांस को आकार देकर मां दुर्गा का भव्य स्वरूप तैयार करने में जुटे हैं। प्रतिमाओं के चेहरे के भाव, आभूषण और सजावट में महीनों की मेहनत साफ नजर आ रही है।अहरी निवासी मूर्तिकार गोलू गुप्ता ने बताया कि वह कई वर्षों से प्रतिमा निर्माण का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के कारण मिट्टी, बांस, पुआल, रंग और सजावट की सामग्री के साथ मजदूरी व परिवहन का खर्च भी काफी बढ़ गया है। इसके बावजूद प्रतिमाओं की कीमत उस अनुपात में नहीं बढ़ी है। महीनों की मेहनत के बाद भी ग्राहक कीमत को लेकर मोलभाव करते हैं, जिससे लागत निकालना मुश्किल हो जाता है।मूर्तिकारों के अनुसार प्रतिमा तैयार करने में लंबा समय लगता है। बांस-पुआल का ढांचा तैयार करने, मिट्टी की परत चढ़ाने, सुखाने, रंग-रोगन और सजावट की प्रक्रिया में कई चरण होते हैं। मूर्तिकारों की चिंता यह भी है कि कम आमदनी के कारण नई पीढ़ी इस पारंपरिक पेशे से दूर हो रही है। उनका कहना है कि प्रतिमा निर्माण महज रोजगार नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही कला और विरासत है। समय रहते संरक्षण नहीं मिला तो मिट्टी से देवी-देवताओं की प्रतिमाएं गढ़ने की यह परंपरा धीरे-धीरे सिमट सकती है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।